### गोरखपुर में अखिलेश ने किया 20 किलोमीटर का रोड शो, कहा

# आज चुनाव हुए तो भाजपा को मिल सकता है 'डबल जीरो'

गोरखपुर, 18 नवंबर (भाषा)।



*सपा* प्रमुख ने अपने दावे के समर्थन मे वाराणसी क्षेत्र की शिक्षक और स्नातक वर्गों की विधान परिषद सीटों पर हुए चुनाव में अपनी पार्टी की जीत का उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संसदीय निर्वाचन क्षेत्र वाराणसी में दोनो सीटें जीतने का असर राजनीतिक रूप से महत्वपूर्ण है।

समाजवादी पार्टी (सपा) के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने बुधवार को उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के गढ़ गोरखपुर में 20 किलोमीटर का रोड शो कर भाजपा को चुनौती देते हुए दावा किया कि अगर आज चुनाव हो जाएं तो भाजपा को गोरखपुर में 'डबल जीरो' का सामना करना पड़ सकता है।

यादव ने अपने विशेष प्रचार वाहन 'पीडीए रथ' पर सवार होकर शहर में करीब 20 किलोमीटर लंबा रोड शो किया। इस दौरान बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता और समर्थक मौजूद रहे। रोड शो के बाद कार्यकताओं और समर्थकों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि गोरखपुर के लोगों में जो उत्साह और ऊर्जा दिखाई दे रही है, वह उल्लेखनीय है। अगर आज ही चुनाव हो जाएं तो भाजपा को यहां डबल जीरो मिल सकता है। सपा प्रमुख ने अपने दावे के समर्थन में वाराणसी क्षेत्र की शिक्षक और स्नातक वर्गों की विधान परिषद सीटों पर हुए चुनाव में अपनी पार्टी की जीत का उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संसदीय निर्वाचन क्षेत्र वाराणसी में दोनों सीटें जीतने का असर राजनीतिक रूप से महत्त्वपूर्ण है।

यादव ने तंज करते हुए कहा कि कभी-कभी 'डबल डोज' का असर भी ऐसा ही होता है। गोरखपुर में विकास के दावों पर निशाना साधते हुए यादव ने व्यंग्यात्मक अंदाज में कहा,'गोरखपुर आने के बाद ऐसा लग रहा है, जैसे यूरोप आ गया हूं। ऐसा लगता है कि स्पेन और वेनिस पहुंच गया हूं।'

भाजपा सांसद रवि किशन अपने लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र गोरखपुर की तुलना स्पेन से कर चुके हैं, ऐसे में यादव के इस बयान को किशन के बयान से जोड़कर देखा जा रहा है। यूपी के पूर्व मुख्यमंत्री यादव ने जलभराव की समस्या को लेकर भी स्थानीय नेतृत्व पर निशाना साधा।

# यूपी चुनाव से पहले सपा ने हापुड़ की जिला कार्यकारिणी भंग की

हापुड़, 18 नवंबर (जनसत्ता)।

विधानसभा चुनाव-2027 से पूर्व समाजवादी पार्टी को बड़ा झटका लगा है।

सपा प्रदेश अध्यक्ष श्यामलाल पाल द्वारा जारी पत्र में उल्लेख किया गया है कि जनपद निवासी सपा के जिलाध्यक्ष आनंद गुर्जर सहित समस्त जिला कार्यकारिणी, संगठन से जुड़े सभी नेताओं तथा राष्ट्रीय व प्रदेश कार्यकारिणी में शामिल सभी पदाधिकारियों को तत्काल प्रभाव से कार्य मुक्त कर दिया गया है। इसके अनेक कारण माने जा रहे हैं। लेकिन आगरा में पीडीए सम्मेलन के बाद लिया गया निर्णय अप्रत्याशित माना जा रहा है। जबकि पार्टी प्रदेश में सत्ता पाने की जुगत में लगी है।

*हटाए* गए सभी पदाधिकारी।

सपा की ओर से इस समय वोट चोरी, पुनरीक्षण आदि मुद्दों पर आंदोलन के वक्त संगठन से जुड़े सभी कार्यकर्ताओं को पदमुक्त करना हैरान करता है। हाईकमान के फैसले से पार्टी में हलचल मची है। कुछ सपाईयों का कहना है कि पिछले अनेक धरने प्रदर्शनों में अपेक्षित भीड़ इकट्ठा न होने के कारण उक्त निर्णय लिया गया है जबकि कई मर्तबा सपा पूर्वजन सभा ने भी अलग प्रदर्शन कर अपना विरोध दर्ज कराया था।

वहीं, सपा के टिकट पर चुनाव लड़ने में काफी समय से विधानसभा क्षेत्रों में प्रचार-प्रसार करने वाले नेताओं में भी बेचैनी देखने को मिल रही है। गढ़मुक्तेश्वर विधानसभा क्षेत्र में संभावित प्रत्याशी नैना गुर्जर से भाकियू लोकहित के राष्ट्रीय प्रवक्ता हरीश हूण के विवाद में सपा संगठन की चुप्पी सभी को ले डूबी है। क्योंकि पार्टी की चुप्पी की शिकायत नैना ने पति नीरज सिंह के साथ पार्टी मुखिया अखिलेश यादव व डिंपल यादव से की है। जिसके बाद अखिलेश यादव के कहने पर सभी को हटाया गया है। वहीं, निवर्तमान जिलाध्यक्ष आनंद गुर्जर ने बताया कि कारण का कोई पता नहीं है। सभी हटाए गए कार्यकर्ता पार्टी से जुड़े रहेंगे। चुनावों के मद्देनजर जल्द नई कार्यकारिणी गठित की जाएगी।

सपा के सामने एक तरफ संगठन में अनुशासन बनाए रखने की चुनौती है, तो दूसरी तरफ स्थानीय नेताओं और उनके समर्थकों को साथ रखने की।

## खबर कोना

### आभूषण चोरी के आरोप में दिल्ली की पांच महिलाएं गिरफ्तार

मुजफ्फरनगर, 18 नवंबर (जनसत्ता)।

शहर के सिविल लाइंस थाना क्षेत्र के रेशू विहार में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा के दौरान महिलाओं के गले से चेन चोरी करने के मामले में पुलिस ने दिल्ली निवासी पांच महिलाओं को गिरफ्तार किया है। आरोपित महिलाएं धार्मिक आयोजनों में भीड़ का फायदा उठाकर महिलाओं के गले से सोने और चांदी के आभूषण चोरी करने मे कथित रूप से संलिप्त थीं। पुलिस ने उनके कब्जे और निशानदेही पर डायमंड पैडल लगी पीली धातु की दो चेन तथा एक आर्टिफिशियल चेन बरामद की है। गिरफ्तार महिलाओं की पहचान पंजवरना (50), सैरा (38), मुन्नी (50), करुणा (25) और रोशनी (22) के रूप में हुई है। पुलिस के मुताबिक, सभी महिलाएं दिल्ली के इंद्रपुरी क्षेत्र की जैजे कालोनी की निवासी हैं। पुलिस के अनुसार, 13 नवंबर को सर्कुलर रोड पर श्रीमद्भागवत कथा का शुभारंभ हुआ था। इससे पहले कलश यात्रा निकाली गई थी।

### दिव्यांगजनों की सेवा ईश्वर की सच्ची आराधना है : पूर्व राष्ट्रपति कोविंद

मथुरा, 18 नवंबर (जनसत्ता)।

पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने कहा कि दिव्यांगजनों की सेवा ईश्वर की सच्ची आराधना है। नारायण सेवा संस्थान उपचार और पुनर्वास के माध्यम से जरूरतमंदों को नया जीवन और आत्मनिर्भरता प्रदान करने का सराहनीय कार्य कर रहा है। उन्होंने कहा कि नारायण सेवा संस्थान एक बड़ा मंदिर है, जो दिव्यांगजनों के जीवन मे आशा और खुशियों का संचार कर रहा है। इसके संस्थापक एवं चेयरमैन पद्मश्री कैलाश मानव देवतुल्य हैं। उनसे जुड़े सेवा कार्य अनुकरणीय हैं। उन्होंने निदेशक पलक अग्रवाल से मिलकर प्रसन्नता भी व्यक्त की। गीता देवी अग्रवाल ने कहा कि दिव्यांगता किसी व्यक्ति की क्षमताओं और सपनो की सीमा नही हो सकती। आधुनिक तकनीक, उचित उपचार और पुनर्वास का सहयोग मिले तो व्यक्ति दोबारा आत्मविश्वास के साथ अपने पैरो पर खड़ा हो सकता है। संस्थान का प्रयास केवल कृत्रिम अंग उपलब्ध कराना नहीं, बल्कि दिव्यांगजनों को स्वावलंबन और सम्मानपूर्ण जीवन का अवसर देना है।

### कुशीनगर में कार और क्रेन की टक्कर में दो लोगों की मौत

कुशीनगर, 18 नवंबर (जनसत्ता)।

कुशीनगर जिले के कप्तानगंज थाना क्षेत्र में मंगलवार देर रात एक कार और क्रेन के बीच आमने-सामने की टक्कर में दो लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने बुधवार को यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार, ये दोनो लोग देवरिया में एक कार्यक्रम में शामिल होने के बाद कार से अपने घर लौट रहे थे और इसी दौरान कप्तानगंज-परतावल मार्ग पर इंद्रपुर चौराहे के पास उनकी कार सामने से आ रही क्रेन से टकरा गई। उसने बताया कि इस हादसे मे कार सवार दोनो व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंचे पुलिसकर्मियों ने दोनो घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, कप्तानगंज पहुंचाया जहां चिकित्सको ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने बताया कि मृतकों की पहचान लक्ष्मीपुर देउरवा निवासी नित्यानंद मणि त्रिपाठी (49) और कार चालक उद्धव पांडेय (44) के रूप मे हुई है। कप्तानगंज के थाना प्रभारी धीरेंद्र राय ने बुधवार को बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

# विदेश में रह रहे भारतीय भी मतदाता सूची में करा सकेंगे नाम दर्ज : रिनवा

लखनऊ, 18 नवंबर (भाषा)।

उत्तर प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी (सीईओ) नवदीप रिनवा ने बुधवार को कहा कि विदेश में रह रहे भारतीय नागरिक भी मतदाता सूची में अपना नाम दर्ज कराकर मतदान कर सकते हैं और इसके लिए उन्हें प्रवासी भारतीय निर्वाचक के रूप में फार्म-6ए भरकर आवेदन करना होगा।

रिनवा ने एक बयान में बताया कि पात्र प्रवासी भारतीय विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण-2027 के तहत 17 नवंबर से 16 दिसंबर तक चलने वाली दावा एवं आपत्ति अवधि के दौरान मतदाता सूची में पंजीकरण करा सकते हैं। उन्होंने बताया कि इसके लिए आवेदक का भारतीय नागरिक होना और किसी अन्य देश की नागरिकता ग्रहण नहीं करना अनिवार्य है। उन्होने का कि इसके अलावा एक जनवरी, 2027 तक उसकी आयु 18 वर्ष पूरी होनी चाहिए।

*अधिकारी* ने बताया कि पात्र प्रवासी भारतीय विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण-2027 के तहत 17 नवंबर से 16 दिसंबर तक चलने वाली दावा एवं आपत्ति अवधि के दौरान मतदाता सूची मे पंजीकरण करा सकते हैं।

उन्होंने बताया कि प्रवासी भारतीय अपने भारतीय पासपोर्ट में दर्ज भारत स्थित निवास पते से संबंधित विधानसभा क्षेत्र की मतदाता सूची में ही नाम दर्ज करा सकते हैं और इसके लिए निर्वाचन आयोग के पोर्टल, ईसीआइनेट मोबाइल ऐप, संबंधित निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी (ईआरओ) के कार्यालय अथवा डाक के माध्यम से आवेदन किया जा सकता है।



**अनुष्ठान** प्रयागराज मे बुधवार को आंवला नवमी पर पेड़ के चारों ओर पवित्र धागे को बांधती महिलाएं।

### सामूहिक बलात्कार मामले में सजा के बाद पुलिस पर उत्पीड़न का आरोप

सहारनपुर, 18 नवंबर (जनसत्ता)।

देवबंद कोतवाली में 2015 में सामूहिक बलात्कार करने के मामले में सेवानिवृत्त पुलिस उपाधीक्षक और तत्कालीन पुलिस निरीक्षक को अभी हाल ही में कोर्ट से 20-20 साल की सजा सुनाई थी।

*पीड़िता* ने एसएसपी से की देवबंद पुलिस की शिकायत।

अब बुधवार को पीड़िता ने चार पुलिसकर्मी पर जबरन उसके घर में घुसे और उसके पति को अपने साथ ले जाने का आरोप लगाया है। इस संबंध में एसएसपी अभिनंदन सिंह से मिलकर देवबंद पुलिस की शिकायत की। उसने एसएसपी को बताया कि पिछली रात करीब पौने नौ बजे देवबंद कोतवाली के चार पुलिसकर्मी जबरन उसके घर में घुसे और उसके पति को अपने साथ ले जाने लगे। उसने और बच्चों ने विरोध किया तो पुलिसकर्मियों ने उनको जाति-सूचक गालियां दी।

पूरी घटना सीसीटीवी कैमरों में कैद है और उसके पास आडियो रिकार्डिंग भी सुरक्षित है। एसएसपी ने इस मामले की जांच सीओ देवबंद अमित सिंह को सौंपी है।

### फर्जी अधिकारी बनकर अवैध वसूली करने का मामला

# बरेली : सेवानिवृत तहसीलदार सहित चार आरोपी गिरफ्तार

बरेली, 18 नवंबर (जनसत्ता)।

थाना आंवला की पुलिस ने फर्जी खाद्य सुरक्षा अधिकारी बनकर मिठाई एवं अन्य खाद्य विक्रेताओं से अवैध वसूली करने के मामले में सेवानिवृत तहसीलदार सहित चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। घटना में आरोपियों द्वारा इस्तेमाल की जा रही कार और अवैध वसूली की दो हजार रुपए की रकम बरामद की गई है।

पुलिस अधीक्षक ग्रामीण (दक्षिणी) अंशिका वर्मा ने बुधवार को बताया कि व्यापारियों द्वारा दी गई सूचना के आधार पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इनमें सेवानिवृत तहसीलदार राजीव उपाध्याय, मुकेश यादव, सुनीत कुमार उपाध्याय और रजनेश शामिल हैं। सभी आरोपी जिले के विभिन्न थाना क्षेत्र के रहने वाले हैं। सेवानिवृत तहसीलदार जिले की आंवला तहसील में तैनात रह चुका है। व्यापारी अजय कुमार द्वारा दी गई तहरीर में कहा गया कि रामनगर पुलिस चौकी के सामने उसकी मिठाई की दुकान है। उसकी दुकान पर हूटर बजाती हुई एक कार पहुंची जिसके शीशे पर पीसीएस लिखा था। कार से आए लोगों ने खुद को खाद्य सुरक्षा अधिकारी बताते हुए उससे डरा धमकाकर दस हजार रुपए की रिश्वत मांगी। उसके खुशामद करने पर वे दो हजार रुपए लेकर चले गए।

*पुलिस* अधीक्षक ग्रामीण ने बताया कि घटना में आरोपियों द्वारा इस्तेमाल की जा रही कार और अवैध वसूली की दो हजार रुपए की रकम बरामद की गई है।

व्यापारी ने बाद में खाद्य सुरक्षा विभाग में अपने सूत्रों से संपर्क किया तो उसे पता चला कि आंवला में कोई छापादल नहीं भेजा गया है। तब पीड़ित ने इसकी सूचना पुलिस को देने के साथ ही अन्य व्यापारियों की मदद से फर्जी अधिकारियों को रोककर पुलिस के हवाले कर दिया।

# अंतरिम जमानत मिलने के बाद जेल से रिहा हुए आजम खां

गाजियाबाद, 18 नवंबर (भाषा)।

समाजवादी पार्टी (सपा) के वरिष्ठ नेता आजम खां को धनशोधन मामले में इलाहाबाद हाई कोर्ट से अंतरिम जमानत मिलने के एक दिन बाद बुधवार शाम गाजियाबाद की डासना जिला जेल से रिहा कर दिया गया।

खां के अधिवक्ताओं ने बुधवार को गाजियाबाद स्थित विशेष धनशोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) अदालत में हाई कोर्ट के आदेश का अनुपालन करते हुए रिहाई के लिए अर्जी दाखिल की थी। अधिवक्ता मोहम्मद यासिर अब्बासी ने बताया कि अदालत ने बुधवार दोपहर उनकी रिहाई का आदेश जारी कर दिया। अब्बासी के मुताबिक, अदालत ने 50-50 हजार रुपए के दो जमानत बांड जमा करने की शर्त पर रिहाई का आदेश दिया। उन्होंने बताया कि बचाव पक्ष ने अदालत में खां का मेडिकल रिकार्ड भी प्रस्तुत किया था और जमानत बांड के सत्यापन के बाद रिहाई आदेश जारी करने का अनुरोध किया था।



इस मामले में इलाहाबाद हाई कोर्ट में अगली सुनवाई 10 दिसंबर को निर्धारित है। खां को जेल से लेने उनके बेटे अब्दुल्ला और अदीब रामपुर से डासना जेल पहुंचे थे। जेल से बाहर आने के बाद खान ने संवाददाताओं के सवालों का कोई जवाब नहीं दिया। खां को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने उनके मोहम्मद अली जौहर विश्वविद्यालय से जुड़े धनशोधन मामले में 31 अक्तूबर को हिरासत में लिया था। उसी दिन उन्हें रामपुर जेल से एक अन्य आपराधिक मामले में रिहा किया गया था। गिरफ्तारी के बाद उन्हें गाजियाबाद की पीएमएलए अदालत में पेश किया गया, जहां से उन्हें 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया था।

ईडी ने 12 नवंबर को आजम से चार दिन की पूछताछ के लिए हिरासत मांगी थी, जिसे अदालत ने मंजूरी दे दी थी। उनकी हिरासत 16 नवंबर की शाम को खत्म हुई थी और उसी दिन अदालत में पेश किए जाने के बाद ईडी ने हिरासत बढ़ाने की मांग नहीं की, जिसके बाद उन्हें दोबारा न्यायिक हिरासत में डासना जेल भेज दिया गया था।

### 'भरोसा था कि आखिरकार न्याय मिलेगा'

रामपुर, 18 नवंबर (भाषा)।

समाजवादी पार्टी (सपा) के नेता आजम खान की पत्नी तजीन फातमा ने धन शोधन के मामले में उन्हें दी गई अंतरिम जमानत पर रोक लगाने से उच्चतम न्यायालय के इनकार का स्वागत करते हुए बुधवार को कहा कि उन्हें भरोसा था कि आखिरकार न्याय मिलेगा।

सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को खान को दी गई अंतरिम जमानत पर रोक लगाने से इनकार करते हुए कहा कि वरिष्ठ सपा नेता को दी गई राहत से 'आसमान नहीं टूट पड़ेगा'। इस घटनाक्रम पर प्रतिक्रिया देते हुए फातमा ने कहा कि उन्हें हमेशा अल्लाह पर भरोसा रहा है और उन्हें यकीन था कि एक दिन न्याय जरूर मिलेगा। जब जुल्म का प्याला भर जाता है, तो अन्याय अपनी हद तक पहुंच जाता है। जिस तरह आजम साहब को जेल के गेट से ईडी (प्रवर्तन निदेशालय) ले गई, वह शायद जुल्म की आखिरी हद थी।


**बैंक ऑफ़ बड़ौदा** Bank of Baroda भारत का अंतर्राष्ट्रीय बैंक

क्षेत्रीय कार्यालय: 78-ए, तम्बेश्वर नगर, नऊवाबाग, जी.टी. रोड, फतेहपुर - 212601, उ.प्र. (भारत)

अचल संपत्तियों की बिक्री हेतु नीलामी बिक्री सूचना [परिशिष्ट-IV ए] नियम 6 (2), 8(6) व 9(1) के प्रावधान देखें,

प्रतिभूति ब्याज (प्रवर्तन) नियमावली 2002 के नियम 6(2), 8(6) व 9(1) के प्रावधान के साथ पठित प्रतिभूति ब्याज अधिनियम 2002 की वित्तीय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण व पुनः निर्माण और प्रवर्तन के तहत अचल परिसंपत्तियों की बिक्री हेतु ई-नीलामी बिक्री सूचना।

जन साधारण तथा विशेषतः ऋणकर्ताओं, बंधककर्ताओं व गारंटरों को एतद्द्वारा सूचना दी जाती है कि प्रत्याभूतित ऋणदाता के पास रेहन रखी/प्रभारित/गिरवी निम्न उल्लेखित अचल संपत्ति जिसका कब्जा **बैंक ऑफ बड़ौदा** प्रत्याभूतित ऋणदाता के **प्राधिकृत अधिकारी** द्वारा लिया गाय है। इसकी बिक्री निम्न निर्दिष्ट बकाया राशि की वसूली हेतु "जैसे है जहां है" "जैसे है जो है" और "जो कुछ वहां है" के आधार पर की जाएगी।

ऋणकर्ताओं/बंधककर्ता(ओं)/गारंटरों/प्रत्याभूतित परिसंपत्तिया/बकाया राशि/आरक्षित मूल्य/ई-नीलामी की तिथि व समय, ईएमडी व बोली वृद्धि राशि निम्नानुसार है।

**ई-नीलामी की तिथि: 05.12.2026** **ईएमडी जमा करने की अंतिम तिथि 04.12.2026 सायं 05.00 बजे तक**

| क्र. सं. | ऋणियों/जमानतदारों/बंधकदारों का नाम एवं पता | अचल सम्पत्ति का विवरण ज्ञात अतिक्रमणों सहित, यदि कोई हो | कुल बकाया | 1. ई-नीलामी की तिथि 2. ई-नीलामी का समय (प्रारंभ समय से समाप्ति समय तक) | 1. आरक्षित धनराशि/ 2. अग्रिम धनराशि/ 3. बिड बढ़ोतरी राशि | कब्जा की स्थिति (सांकेतिक/भौतिक) | संपत्ति निरीक्षण की तिथि एवं समय |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| भिटौरा शाखा, पोस्ट भिटौरा, जिला फतेहपुर - 212601 (उ.प्र.) | | | | | | | |
| 1. | 1. मेसर्स अभिषेक ट्रेडर्स (ऋणी), ग्राम सराय जगत, लोधी गंज, फतेहपुर- 212601 (उ.प्र.) 2. श्री राजेंद्र प्रसाद पुत्र राम किशुन (प्रोपराइटर/बंधककर्ता), ग्राम सराय जगत, लोधी गंज, फतेहपुर-212601 (उ.प्र.) | भूमि एवं भवन के सभी भाग व खण्ड स्थित मकान सं. 213/3बी, आराज़ी/गाटा सं. 162, क्षेत्रफल 93.00 वर्ग मीटर, सराय जगत (लोधी गंज), परगना, तहसील एवं जिला फतेहपुर, मालिक: श्री राजेंद्र प्रसाद चौहद्दी: पूर्व: 20 फीट चौड़ा रास्ता, पश्चिम: गुलाब सिंह का प्लॉट/मकान, उत्तर: धर्मेंद्र का प्लॉट/मकान, दक्षिण: अनिकेत का प्लॉट/मकान | रू. 27,91,088.48 + दिनांक 14.02.2026 से प्रभावी ब्याज एवं आस्मिक खर्चे | ई-नीलामी की तिथि: 05.12.2026 ई-नीलामी का समय: सुबह 10:00 बजे से सायं 05:00 बजे तक | रू0 41,40,000/- (आरक्षित मूल्य) रू0 4,14,000/- (अग्रिम धनराशि) रू0 50,000/- (न्यूनतम बिड बढ़ोतरी राशि) | भौतिक कब्जा | 04.12.2026 सायं 05.00 बजे तक |

विक्री की विस्तृत शर्तों व नियमों के लिए कृपया https://www.bankofbaroda.in/e-auction.htm and https://baanknet.com/eauction-psb/x-login पर प्रावधानित लिंक पर जाएं।

**प्रत्याशित बोलीदार मोबाईल नं. 91404061305 पर प्राधिकृत अधिकारी को भी संपर्क कर सकते हैं।**

**सरफेसी एक्ट 2002 प्रावधान 6(2), 8(6) व 9(1) के तहत संवैधानिक 15 दिन की नीलामी बिक्री सूचना।**

दिनांक: 19.11.2026, (नीलामी बिक्री सूचना तिथि 18.11.2026) स्थान: फतेहपुर हस्ता/- प्राधिकृत अधिकारी, बैंक ऑफ बड़ौदा


**योजना** पडरौना में जाम की समस्या को कम करने के लिए उठाया गया कदम

# गंडक नहर पर बनेगा एक और पुल

कुशीनगर, 18 नवंबर (जनसत्ता)।

कुशीनगर जिले में पडरौना शहर के बलूचहां मार्ग पर मुख्य पश्चिमी गंडक नहर के पुराने पुल के पास अब एक और पुल बनेगा। करीब 4.86 करोड़ रुपए की लागत से बनने वाले इस पुल का बुधवार को राज्यसभा सांसद आरपीएन सिंह और सदर विधायक मनीष जायसवाल ने विधि-विधान से पूजन-अर्चना कर शिलान्यास किया।

नया पुल बनने से इस रास्ते पर वाहनों की आवाजाही आसान होगी और पुराने पुल पर लगने वाले जाम से काफी हद तक राहत मिलने की उम्मीद है। प्रस्तावित लघु सेतु की लंबाई 12.5 मीटर और चौड़ाई तीन मीटर निर्धारित की गई है। इसके निर्माण का जिम्मा लोक निर्माण विभाग के प्रांतीय खंड को सौंपा गया है। अभी बलूचहां मार्ग पर नहर के ऊपर बने पुराने पुल की चौड़ाई कम होने के कारण अक्सर आवागमन प्रभावित होता है। खासकर सुबह और दोपहर के समय स्कूली बच्चों की आवाजाही तथा वाहनों का दबाव बढ़ने से यहां जाम की स्थिति बन जाती है।

*नए* पुल के निर्माण में करीब 4.86 करोड़ रुपए की आएगी लागत। *प्रस्तावित* लघु सेतु की लंबाई 12.5 मीटर और चौड़ाई तीन मीटर निर्धारित की गई है।

आसपास के गांवों से पडरौना आने-जाने वाले लोगों को भी परेशानी उठानी पड़ती है। पुराने पुल के ठीक बगल में नए पुल का निर्माण होने से यातायात के लिए अतिरिक्त मार्ग उपलब्ध होगा। इससे दोनों ओर से आने-जाने वाले वाहनों को सहूलियत मिलेगी।

स्थानीय लोगों को उम्मीद है कि निर्माण पूरा होने के बाद इस मार्ग पर जाम की समस्या काफी कम हो जाएगी। शिलान्यास कार्यक्रम में लोक निर्माण विभाग के सहायक अभियंता सूबेदार यादव और अवर अभियंता भरत गुप्ता ने परियोजना के तकनीकी पहलुओं की जानकारी दी। राज्यसभा सांसद आरपीएन सिंह ने कहा कि क्षेत्र में बुनियादी सुविधाओं को बेहतर बनाने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। बलूचहां पुल की वजह से लोगों को होने वाली दिक्कत को देखते हुए नए पुल की पहल की गई है। इसके बनने से आवागमन सुगम होगा।


Lucknow

Scanned with CamScanner